**Title:** Need to direct the medical council of India and State Government of Uttar Pradesh not to close BRD Medical College, Gorakhpur.

**योगी आदित्यनाथ :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान मेडीकल काउंसिल ऑफ इंडिया के एक निर्देश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग सभी मेडीकल कालेज बंद होने की स्थिति में आ गए हैं। मेडीकल काउंसिल ऑफ इंडिया की मनमानी के कारण गोरखपुर मेडीकल कालेज की पोस्ट ग्रेजुएट की सभी सीटें समाप्त कर दी गई हैं। गोरखपुर का बीआरडी मेडीकल कालेज पूर्वी उत्तर प्रदेश का एकमात्र मेडीकल कालेज है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार करोड़ जनता के साथ-साथ उत्तरी-बिहार और नेपाल की तराई क्षेत्र की जनता की सेवा करता आ रहा है। मेडीकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मनमानेपन से निश्चित ही मेडीकल कालेज आज बंद होने की स्थिति में है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस संबंध में मेडीकल काउंसिल ऑफ इंडिया, तथा उत्तर प्रदेश सरकार को आवश्यक निर्देश दे, जिससे उत्तर प्रदेश के, और खास कर गोरखपुर का जो मेडीकल कालेज बंद होने की स्थिति में है, वह बंद न हो और जो पीजी की सीटें समाप्त कर दी गई हैं,...(व्यवधान) उन्हें वापस लिया जाए। एमबीबीएस की जो सीटें आधी कर दी गई हैं, उन्हें पूर्व की भांति बहाल किया जाए। इस संबंध में एमसीआई और उत्तर प्रदेश शासन को आवश्यक निर्देश दें। धन्यवाद।